# इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली को शांति का नोबेल

**सम्मान**

■कहे जाते हैं इथियोपिया के नेल्सन मंडेला

## अबी अहमद को इरिट्रिया के साथ 2 दशकों का संघर्ष खत्म करने के लिए मिला नोबेल



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओस्लो। अफ्रीकी देश इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली को 2019 के लिए प्रतिष्ठित नोबेल पीस प्राइज दिया जाएगा। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पड़ोसी देश इरिट्रिया के साथ सालों से चले आ रहे सीमा विवाद को हल करने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए दिया जाएगा। 43 साल के अबी अहमद को इथियोपिया का नेल्सन मंडेला भी कहा जाता है। आइए जानते हैं कि उनकी मंडेला से तुलना क्यों की जाती है।

**अप्रैल २०18 में बने इथियोपिया के पीएमः** दक्षिण अफ्रीका के गांधी कहे जाने वाले नेल्सन मंडेला जब जेल से निकले तब अबी अहमद महज 13 साल के थे। वह मंडेला के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और अक्सर उनकी तस्वीर छपी टी–शर्ट पहना करते थे। अप्रैल 2018 में अबी अहमद इथियोपिया के प्रधानमंत्री बने और अफ्रीकी देशों में सबसे युवा राष्ट्राध्यक्ष बने।

**पीएम बनते ही इमर्जेंसी हटाया, विपक्षी कार्यकर्ताओं को रिहा किया** प्रधानमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने इथियोपिया में उदारवादी सुधार शुरू कर दिए। पीएम बनने के 100 दिनों के भीतर ही अबी अहमद ने इमर्जेंसी हटाई। मीडिया से सेंसरशिप हटाने का फैसला किया। उन्होंने हजारों विपक्षी कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा किया। जिन असंतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं को देश से निर्वासित किया गया था, उन्हें लौटने की इजाजत दी।

**पीएम बनने के 5 महीने के भीतर ही इरिट्रिया के साथ सीमा समझौताः** सबसे महत्वपूर्ण पहल उन्होंने चिर प्रतिद्वंद्वी इरिट्रिया के साथ खूनी संघर्ष को खत्म करने के लिए की। उनके शांति प्रयासों को देखते हुए लोग उनकी तुलना नेल्सन मंडेला से करने लगे। पिछले साल प्रधानमंत्री बनने के साथ ही स्पष्ट कर दिया था कि वह इरिट्रिया के साथ शांति वार्ता को बहाल करेंगे।

**इरिट्रिया के साथ 20 सालों से चले आ रहे सैन्य तनाव को खत्म किया** उन्हीं के प्रयासों का नतीजा था कि पिछले साल इथियोपिया और इरिट्रिया ने सीमा विवाद को हल करने के लिए शांति समझौता किया। इस तरह 20 सालों से दोनों देशों में चल रहा सैन्य तनाव खत्म हुआ।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विवादों को हल करने में निभाई भूमिका** इरिट्रिया के साथ करीब 2 दशकों से चले संघर्ष को खत्म करने के अलावा अबी अहमद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विवादों को हल करने में अहम भूमिका निभाई। सितंबर 2018 में उनकी सरकार ने इरिट्रिया और जिबूती के बीच कई सालों से चली आ रही राजनीतिक शत्रुता तो खत्म कर कूटनीतिक रिश्तों को सामान्य बनाने में मदद की। इसके अलावा अबी अहमद ने केन्या और सोमालिया में समुद्री इलाके को लेकर चले आ रहे संघर्ष को खत्म करने में मध्यस्थता की।

## न्यूज डायरी



### महात्मा गांधी के सम्मान में सिक्का जारी करेगा ब्रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। महात्मा गांधी के 150वें जयंती वर्ष पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए ब्रिटेन सरकार ने सिक्का जारी करने का फैसला लिया है। ब्रिटेन के वित्त मंत्री साजिद जाविद ने बापू के सम्मान में सिक्का जारी करने की जानकारी दी। ब्रिटेन ने 1931 में गोलमेज सम्मेलन के लिए महात्मा गांधी की यात्रा की याद में यह सिक्का जारी करने का फैसला लिया है।

पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश मंत्री जाविद ने कहा कि उन्होंने ब्रिटेन की रॉयल मिंट से कहा है कि वह महात्मा गांधी की याद में एक सिक्का जारी करने पर काम करे ताकि दुनिया को दी गई उनकी सीख को याद किया जा सके। लंदन में गुरुवार को ब्रिटिश एशियन सक्सेस पर आयोजित एक कार्यक्रम में ब्रिटिश मंत्री ने यह ऐलान किया।

### पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिये सऊदी और ईरान की यात्रा करेंगे इमरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव को कम करने के प्रयास के तहत शनिवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के ईरान एवं सऊदी अरब की यात्रा पर जाने की संभावना है। राजनयिक सूत्रों ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि खान सबसे पहले तेहरान पहुंचेंगे, जहां वह ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी से रविवार को मुलाकात करेंगे। इस बैठक के बाद प्रधानमंत्री खान रियाद के लिये उड़ान भरेंगे। वहां वह सऊदी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान खान के साथ पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी होंगे। इस यात्रा को लेकर पाकिस्तान ने चुप्पी साध रखी है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने बृहस्पतिवार को बताया कि "जब चीजें स्पष्ट हो जायेंगी" तब इस यात्रा के बारे में वह मीडिया को सूचित करेंगे।

### मेक्सिकोः सल्मांका के बार में गोलीबारी, पांच की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेक्सिको। उत्तर–मध्य राज्य गुआनाजुआटो के सल्मांका के एक बार में हथियारबंद हमलावरों ने गोलीबारी की, इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय अखबार ईआई यूनिवर्सल की खबर के अनुसार रात को करीब डेढ़ बजे हमलावर बार में घुसे और लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सल्मांका नगर प्रशासन ने घटना की पुष्टि की है। गुआनाजुआटो एक शांतिपूर्ण राज्य है।बीते कुछ समय में हत्या के मामले बढ़े हैं। इस साल के पहले आठ महीने में, 2,275 हत्यायें दर्ज की गयी थी। यह संख्या पिछले दो साल में लगभग ढाई गुना हो गई है।

### ग्रेटा थनबर्ग को शांति का नोबेल मिलने की संभावना पर अफवाहें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओस्लो। शुक्रवार को नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा होने से पहले सटोरियों में स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर चर्चा है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इथोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद या स्वतंत्र प्रेस के किसी प्रतिनिधि को शांति का नोबेल पुरस्कार दिया जा सकता है।इस वर्ष के शांति के लिए दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी ।लैडब्रोक्स जैसी ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटों पर 16 वर्षीय ग्रेटा थनबर्ग के नाम को लेकर चर्चा हो रही है। ग्रेटा को वैकल्पिक नोबेल माने जाने वाला एमनेस्टी इंटरनेशनल का शीर्ष सम्मान और राइट लाइवलीहुड अवार्ड मिल चुका है।ग्रेटा ने इस वर्ष सितंबर माह में संयुक्त राष्ट्र में जलवायु शिखर सम्मेलन में बेहद प्रभावशाली भाषण देकर वैश्विक सुर्खियां बटोरीं। ओस्लो (प्रियो) में पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक हेनरिक उराल्ड ने एएफपी को बताया कि ग्रेटा को नोबेल मिलने की संभावना कम है। जलवायु परिवर्तन के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं लेकिन ग्रेटा की उम्र कम है। पाकिस्तानी कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई की तरह वह पुरस्कार साझा कर सकती हैं। नोबेल पुरस्कार समिति कभी भी नामांकित लोगों के नाम उजागर नहीं करती है। इस सूची में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी संस्था के प्रमुख फिलिपो ग्रैंडी और एसओएस मेडिटेरेनी संगठन के नाम भी शामिल हैं।

## भ्रष्टाचार मामले में शरीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने चौधरी शुगर मिल घोटाला मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है और शुक्रवार को उन्हें जवाबदेही अदालत के समक्ष पेश करने की संभावना है।

डॉन न्यूज के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि एनएबी के अध्यक्ष ने मामले में गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया और लाहौर ब्यूरो की एक टीम शुक्रवार को कोट लखपत जेल में उनसे मिलेगी और उनकी फिजिकल रिमांड के लिए उन्हें जवाबदेही अदालत में ले जाएगी।

शरीफ अल–अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में सात साल जेल की सजा काट रहे हैं। एनएबी ने पहले से ही चौधरी शुगर मिल मामले में उनकी बेटी मरियम नवाज और भतीजे यूसुफ अब्बास को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों 23 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर हैं।

एनएबी ने मुख्य रूप से मरियम पर चीनी मिलों के शेयरों की बिक्रीध्खरीद की आड़ में मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाया है। इसने कहा कि वह 2008 में मिलों की सबसे बड़ी शेयरधारक बन गईं, जिनके पास 1.2 करोड़ से अधिक के शेयर थे और उनकी संपत्ति उनकी आय से अधिक नहीं पाई गई थी।



## तुर्की ने नहीं किया ट्रंप द्वारा खींची गई रेखा का उल्लंघन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। एक अमेरिकी अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि सीरियाई कुर्द फौज पर तुर्की के हमले ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा खींची गई लाल रेखा का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करना चाहता है। ट्रंप ने सप्ताह में मिलीजुली प्रतिक्रिया रही। पहले उन्होंने कहा कि वह तुर्की के हमले को समझ पा रहे हैं। बाद में हमले की आलोचना की और फिर चेतावनी दी कि अगर सैन्य कार्रवाई श्मानवीयश नहीं हुई तो प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## सऊदी बंदरगाह के पास ईरानी टैंकर में विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■तेहरान का दावा– 2 मिसाइलें दागी गई

■टैंकर पर मौजूद सभी क्रू मेंबर सुरक्षित

■पिछले महीने सऊदी के 2 ऑइल प्लांट्स पर हुआ था ड्रोन अटैक

तेहरान। सऊदी अरब के जेद्दा बंदरगाह के पास शुक्रवार को एक ईरानी तेल टैंकर सिनोपा में जबरदस्त विस्फोट हुआ। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक टैंकर पर 2 मिसाइलों या रॉकेटों से हमला हुआ। उनका दावा है कि ईरानी टैंकर पर 100 किलोमीटर की दूरी से सऊदी अरब के तट से मिसाइल हमला हुआ।

टैंकर के सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। ईरान की स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी (छ।) ने अनाम सूत्रों के हवाले से बताया है कि विस्फोट से टैंकर को काफी नुकसान पहुंचा है और इस वजह से लाल सागर में तेल का रिसाव हो रहा है। ईरान की नूर न्यूज एजेंसी के मुताबिक टैंकर पर मौजूद सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं और हालात काबू में हैं। ईरानी सेना की करीबी माने जाने वाली न्यूज एजेंसी के मुताबिक, श्विस्फोट में किसी भी क्रू मेंबर को चोट नहीं आई है.. .स्थिति नियंत्रण में है। नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी ने कहा है कि जहाज में सवार लोग उसकी मरम्मत कर रहे हैं। जहाज में आग लगने की खबरों के उलट ईरान सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी ने कहा, जहाज में आग नहीं लगी है और जहाज पूरी तरह से स्थिर है। इससे पहले ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी थी कि विस्फोट से जहाज में आग लग गई।

बता दें कि पिछले महीने सऊदी अरब के 2 ऑइल प्लांटों पर भीषण ड्रोन अटैक के बाद से ही खाड़ी में तनाव की स्थिति है। ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली थी लेकिन सऊदी और अमेरिका ने इसके लिए सीधे–सीधे ईरान को जिम्मेदार ठहराया था।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सीरिया में तुर्की के आक्रमण पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोपेनहेगन। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सीरिया में कुर्द–नियंत्रित क्षेत्रों पर तुर्की के हमले पर गुरुवार को गहरी चिंता व्यक्त की और सीरिया में बढ़ती हिंसा को रोकने का आह्वान किया। एंतोनियो गुतारेस ने कोपेनहेगन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं पूर्वी सीरिया में संघर्षों की बढ़ती घटनाओं को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करना चाहता हूं।

गुतारेस ने कहा, वर्तमान समय में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इसे रोकें और निश्चित रूप से मैं इसको लेकर चिंतित हूं। उन्होंने कहा कि संघर्ष के किसी भी समाधान में क्षेत्र की संप्रभुता और सीरिया की एकता का सम्मान किया जाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच यूरोपीय सदस्य देशों– फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, बेल्जियम और पोलैंड ने तुर्की से सीरिया में कुर्द बलों के खिलाफ अपने एकतरफा सैन्य अभियान को रोकने का आह्वान किया है। साथ में भारत ने भी अपील की है कि वह सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।